फर्द अहकाम

कार्यालयः– न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, उदयपुर
अनवानः– तहसीलदार वल्लभनगर बनाम श्री चम्पालाल पिता उदयलाल
किस्म मुकदमाः– रेफरेन्स पत्रावली संख्याः– 51/12

कमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सुचनाएँ जारी की गई।
	23.06.2025 पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता अप्रार्थी द्वारा दौराने बहस निवेदन किया गया कि उक्त भूमि का रेफरेन्स पूर्व में न्यायालय अति. जिला कलक्टर, उदयपुर में प्रस्तुत किया गया था। इस पर न्यायालय अति. जिला कलक्टर, उदयपुर से जानकारी प्राप्त की गई। उक्त भूमि हेतु रेफरेन्स न्यायालय अति. जिला कलक्टर में प्रकरण संख्या 40/2006 से दर्ज किया जाकर दिनांक 17.11.2006 को रेफरेन्स स्वीकार कर निर्णित किया जा चुका है। चूंकि उक्त भूमि का पूर्व में ही न्यायालय अति. जिला कलक्टर, उदयपुर में रेफरेन्स दर्ज किया जाकर प्रकरण निर्णित हो चुका है ऐसी स्थिति में हस्तगत रेफरेन्स प्रस्तुत करने का कोई औचित्य नहीं है। अतः प्रकरण में कोई कार्यवाही किया जाना अपेक्षित नहीं है। साथ ही तहसीलदार वल्लभनगर को हिदायत दी जाती है कि प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने से पूर्व सभी बिन्दुओं की जांच करते हुए ही प्रकरण प्रस्तुत करे। (नमित मेहता) जिला कलक्टर उदयपुर	